भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1284

06 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल की स्थापना

1284. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहरा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि व्यापक औद्योगिक और खनन कार्यकलापों के कारण जाजपुर जिले की स्थानीय आबादी में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एक बड़ी चिंता का विषय बन गई हैं, जिससे आयुष अस्पताल में स्थायी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की तत्काल आवश्यकता उत्पन्न हो गई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा जाजपुर जिले के पानिकोइली क्षेत्र में 50 बिस्तरों वाला आयुष अस्पताल स्थापित करने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और इस संबंध में परियोजना की मंजूरी और प्रारंभ होने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, जाजपुर जिले की स्थानीय आबादी में औद्योगिक और खनन कार्यकलापों के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान और समाधान के लिए 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, आयुष मंत्रालय ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें ओडिशा के जाजपुर जिले के पनिकोइली क्षेत्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों में 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। तदनुसार, राज्य सरकार एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है।

*****